न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी : – श्री विकास पंचोली (RAS) उपखण्ड अधिकारी

प्रार्थनापत्र संख्या :– 138/2019 दायर तारीख 17.06.2019

अनवान

राजस्थान सरकार मार्फत भूमिधारी जरिये तहसीलदार बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)।

...........प्रार्थी

बनाम

01. सहायक अभियनता सार्वजनिक निर्माण विभाग बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)।

.... विपक्षी

उपस्थित :– पैरोकार सरकार
सहायक अभियनता सा0नि0वि0 बिजौलियां

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

–: निर्णय :–

दिनांक 17.06.2019

प्रार्थनापत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि पैरोकार तहसीलदार बिजौलियां ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत विरूद्ध विपक्षी प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम गुढा पटवार हल्का गुढा तहसील बिजौलियां के खाता संख्या 300 में आराजी नम्बर 534/1 रकबा 7–14 बीघा गे.मु. सड़क, 535/1 रकबा 7–07 बीघा किस्म गे.मु. सड़क खातेदारी हक से दर्ज रेकॉर्ड हैं। किन्तु उक्त वर्णित आराजी में सड़क निकली हुयी नही होकर आ0 न0 536 रकबा 3–13 बीघा व आ0 न0 537 रकबा 6–00 बीघा में मौके पर सड़क निकली हुयी हैं। अतः उक्त आराजी नम्बर 534/1, 535/1 को बिलानाम सरकार करते हुये आ0 न0 536 व 537 में गे0मू0 सड़क दर्ज कराना फरमावें। नक्शे में भी आवश्यक तरमीम कराना फरमावें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षी की तलबी जरिये नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र भेज करवायी गई।

विपक्षी सहायक अभियनता सार्वजनिक निर्माण विभाग बिजौलियां ने न्यायालय में उपस्थित होकर नक्शे में मौका अनुसार तरमीम करने में सहमति प्रदान की हैं।

प्रकरण का DILRMP के तहत् निस्तारण किया जाना अपेक्षित हैं। प्रकरण में जहां सड़क मौके पर निकली हुयी हैं। उसमें जमाबन्दी/नक्शे में तरमीम करना हम उचित समझते हैं। साथ ही आराजी नम्बर 534/1, 535/1 को बिलानाम किया जाना उचित हैं।

बहस पेरोकार सरकार की सुनी गई पत्रावली का अवलोकन किया गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता हैं।

अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता हैं कि ग्राम गुढा पटवार हल्का गुढा तहसील बिजौलियां के खाता संख्या 300 में आराजी नम्बर 534/1 रकबा 7–14 बीघा गे.मु. सड़क, 535/1 रकबा 7–07 बीघा किस्म गे.मु. सड़क को बिलानाम सरकार करते हुये आ0 न0 536 रकबा 3–13 बीघा व आराजी नम्बर 537 रकबा 6–00 में सड़क निकलने से राजस्व रेकॉर्ड में गे0मू0 सार्वजनिक निर्माण विभाग सड़क के नाम भूमि दर्ज किये जाने व नक्शे में इसी अनुसार आवश्यक तरमीम किये जाने के आदेश पारित किये जाते हैं।

तहसीलदार उक्तानुसार पालना करें।

आदेश आज दिनांक 17.06.2019 को लिखवाया जाकर सुनाया गया ।

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां (भीलवाड़ा)

Scanned by CamScanner